यूपी ने अपने स्केल को स्किल व स्पीड से जोड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षा और विकास चिप पर निर्भर

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपने स्केल को स्किल और स्पीड से जोड़ा है। उसके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। जमीन पर तेजी से काम दिखाई दे रहा है। केंद्र में 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद राज्यों के बीच इज आफ डूइंग बिजनेस की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू हुई। आज उत्तर प्रदेश इस प्रतिस्पर्धा में काफी आगे निकल चुका है। उत्तर प्रदेश में चिप निर्माण का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और विकास चिप पर निर्भर करता है। सीएम इंडिया चिप प्रा.लि. संयंत्र के शिलान्यास के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सेमीकान इंडिया-2025 का जिक्र करते हुए कहा कि आयल ब्लैक गोल्ड कहा जाता था, पर अब चिप डिजिटल डायमंड है। प्रदेश सरकार ने 34 सेक्टोरल पालिसी के जरिये प्रदेश में निवेश की गति को तेज किया है। 13 आपराधिक प्रविधानों को समाप्त किया है। अब ये तो विजन-विजन की बात है। पिछली सरकारों में जेवर क्षेत्र में गोली चलती थी। अपहरण, अराजकता का आलम था। सूर्य अस्त होने के बाद लोग घरों से बाहर निकलने से बचते थे। वहीं, आज जेवर 'भारत का जेवर' बनकर उभरा है। प्रदेश की यह प्रथम डिस्प्ले ड्राइवर सेमीकंडक्टर औसेट

ग्रेटर नोएडा में इंडिया चिप यूनिट के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

यूनिट नए विजन को आगे बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधि व किसानों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। इसके कारण यह क्षेत्र मोबाइल व इलेक्ट्रानिक हब के रूप में स्थापित हो रहा है। उधर, फाक्सकान के सेमीकंडक्टर इकाई के अध्यक्ष बाब चेन ने इंफ्रास्ट्रक्चर व कनेक्टिविटी की सराहना की। एचसीएल की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश के विकास में एचसीएल ने अहम भूमिका निभाई है। सेमीकंडक्टर इकाई के साथ विकास की नई यात्रा की शुरुआत हो रही है।

प्रधानमंत्री आज करेंगे मेरठ मेट्रो का उद्घाटन, सीएम ने किया तैयारियों का निरीक्षण : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नमो भारत ट्रेन के विस्तारीकरण व मेरठ मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे यहां रहकर उन्होंने नमो भारत-मेरठ मेट्रो के शताब्दीनगर व मेरठ साउथ स्टेशन तथा मोहिउद्दीनपुर स्थित जनसभा स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का परीक्षण किया। दिल्ली रोड पर जाम लगने पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जितने भी संसाधन और फोर्स आपके पास हैं, सभी को लगा दीजिए, लेकिन कार्यक्रम के दौरान जाम न लगे।

रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मंच साझा करेंगे। शनिवार को यहां पहुंचे सीएम योगी ने तैयारियों का परीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

अंगूठे के नाखून पर पूरी रामचरित मानस लिखने जैसा कठिन काम है चिप बनाना : वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रानिकी व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक बताते देश को चिप निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बड़ा कदम बताया। कहा कि 10 करोड़ की मशीन में 100 रुपये की एक चिप न हो तो वह चलेगी नहीं। हाथ के अंगूठे के नाखून पर पूरी रामचरित मानस लिखने जैसा कठिन काम चिप बनाना है। यह काम अब जेवर की धरती पर होने जा रहा है। सेमीकंडक्टर जिस देश में होता है, वहां कई तरह का उत्पादन संभव हो जाता है। एक छोटे चिप में 500 करोड़ कंपोनेंट बनाना जैसा कठिन काम सेमीकंडक्टर संयंत्र में होगा। देश के 50 प्रतिशत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग उत्तर प्रदेश में हो रही है। इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग में प्रदेश का 25 प्रतिशत का योगदान है। अब सेमीकंडक्टर संयंत्र में हर माह तीन करोड़ 60 लाख चिप बनेगी।

उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए बनेगा सिलीगुड़ी तक नार्दर्न कोरिडोर: वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रेलवे में 20 हजार करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को बजट में दिए हैं। 92 हजार करोड़ का निवेश रेलवे का उत्तर प्रदेश में हो रहा है। अब उत्तर प्रदेश में बुलेट ट्रेन दिल्ली से वाराणसी और पटना होते हुए सिलीगुड़ी तक दौड़ेगी।

MAGZTER